# राजभाषा मुद्रिका

तिमाही राजभाषा समाचार पत्र

**अंक : 35** **जनवरी-मार्च 2023**

**<u>प्रधान संरक्षक</u>**

**सुश्री बी.वी. शिवनाग कुमारी**

**प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक**

**<u>संरक्षक</u>**

**श्री दयानंदन टी.**

**अपर आयुक्त (प्र.मु.आ.का का.), केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल**

**<u>संकल्पना और संपादन</u>**

**श्री वाई. सुब्रहमण्यम,**

**वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु**

---

## राजभाषा पुरस्कार

**दक्षिण एवं दक्षिण पश्चिम क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन में राजभाषा में उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए बेलगावी अपील्स आयुक्तालय को वर्ष 2020-21 के लिए द्वितीय पुरस्कार एवं वर्ष 2021-22 के लिए प्रथम पुरस्कार केरल के महामहिम राज्यपाल के कर कमलों से केंद्रीय कर बेंगलूर अंचल की प्रधान मुख्य आयुक्त श्रीमती रंजना झा ने प्राप्त किया । साथ ही केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री अजय कुमार मिश्रा जी के कर कमलों से दोनों वर्ष के लिए प्रमाण पत्र केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्री वाई.सुब्रहमण्यम ने प्राप्त किया ।**




**<u>प्रथम पुरस्कार</u>**



**<u>द्वितीय पुरस्कार</u>**



# गणतंत्र दिवस 2023

**दिनांक 26.01.2023 को 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुश्री रंजना झा, प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल ने सीबीआईसी और सीबीडीटी के अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया । सुश्री चैताली पनमेई, प्रधान मुख्य आयुक्त, आयकर, गोवा और कर्नाटक क्षेत्र इस अवसर पर उपस्थित थीं।**









## टीकाकरण शिविर

**दिनांक 26.01.2023 को आईआरएस (सी एंड आईटी) एसोसिएशन बेंगलूरु चैप्टर ने बीबीएमपी और अपोलो अस्पताल के सहयोग से सीआर भवन में एक मुफ्त कोविड 19 बूस्टर खुराक टीकाकरण शिविर का आयोजन किया। लगभग 100 अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को खुराक दी गई। यह आयोजन श्री अरविंद माधवन, अध्यक्ष, आईआरएस (सी एंड आईटी) एसोसिएशन, बेंगलूरु चैप्टर के मार्गदर्शन में हुआ और प्रधान मुख्य आयुक्त श्रीमती रंजना झा ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई।**










नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-2), बेंगलूरु **के तत्वावधान में केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु अंचल द्वारा संयुक्त हिंदी दिवस के सुअवसर पर “राजभाषा पर लिखित प्रश्नोत्तरी” प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।**

**दिनांक 10.03.2023 को आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक में केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय को स्मृति चिहन से नवाज़ा गया ।**







**स्मृति चिहन प्राप्त करते हुए केंद्रीय कर, बेंगलूरु उत्तर आयुक्तालय के अपर आयुक्त श्री एच.सोइखानथांग साथ में केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्री वाई. सुब्रहमण्यम**



**सभा में उपस्थिति दर्शकगण**

# हिंदी कार्यशाला

**दिनांक 07.02.2023 को नासीन, बेंगलूरु के तत्वावधान में केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के समूचे कर्नाटक में कार्यरत प्रशासनिक अधिकारियों एवं आह्रण एवं संवितरण अधिकारियों के लिए सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल द्वारा बेबिनॉर के माध्यम से ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन नासीन, बेंगलूरु के अपर निदेशक श्री डॉ. सुजीतकुमार पी. सोमपूर ने किया। पूर्वाह्न के दोनों सत्र में एन.ए.एल., बेंगलूरु के सेवानिवृत्त वरिष्ठ हिंदी अधिकारी डॉ.पी.एस.आर. मूर्ति ने "*राजभाषा नीति*" पर प्रकाश डाला। तथा अपराह्न के दोनों सत्र में डी.आर.डी.आर., बेंगलूरु के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी डॉ.जी.आर. चौधरी ने "*टिप्पण एवं आलेखन* " पर व्याख्यान दिया।**

इस अंचल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सामग्रियां हो तो, उन्हें इस समाचार पत्र के आगामी अंकों में प्रकाशन हेतु हमें cexhindicell@gmail.com ई-मेल पते पर संपर्क करें ।

**आपके बहुमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं ।**